# कम्युनलिज्म वॉच

खंड: 2, अंक-9 1 अगस्त- 31 अगस्त, 2016

## इस अंक में

**सांप्रदायिक घटनाएं 2-4**

**सांप्रदायिक हिंसा और तनाव**

- बहराइच में सांप्रदायिक तनाव
- बुरहानपुर में पशु हत्या की अफवाह से तनाव
- रायसेन में बजरंग दल ने की पिटाई
- पुंछ में सामान्य विवाद में सांप्रदायिक तनाव
- सारण में आपत्तिजनक वीडियो से सांप्रदायिक तनाव
- करीमगंज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विवाद
- फरूखाबाद में सांप्रदायिक तनाव
- पुड्डुचेरी में हिंदू मुन्नानी का इमाम पर हमला
- बागपत में तनाव
- जौनपुर में तनाव
- सहारनपुर में धर्मांतरण को लेकर तनाव
- बेलागावी में सांप्रदायिक हिंसा

**न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 9-10**

- कंधमाल दंगे में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी
- फगवाड़ा में हुई हिंसा के लिए शिवसेना जिम्मेदार
- कंधमाल दंगा पीड़ितों को अतिरिक्त मुआवजे का आदेश
- कमलेश तिवारी की याचिका का एक महीने में निपटारा
- गौरक्षा दल के प्रमुख सतीश कुमार की गिरफ्तारी
- सुप्रीम कोर्ट में गौ रक्षक दलों को लेकर याचिका दाखिल
- दलितों की पिटाई को सही बताने वाले भाजपा विधायक के खिलाफ पुलिस केस
- कर्नाटक में पशु चोरी के हमले में हिंदुत्ववादी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी
- उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा सांप्रदायिक घटनाएं

**सांप्रदायिक रणनीति 5-9**

- गौ रक्षक संगठन ने किया पुलिस स्टेशन पर हमला
- पशुओं की तस्करी में भाजपा नेता की हत्या
- आंध्रप्रदेश में गौ रक्षक दल ने की पिटाई
- अलीगढ़ में बजरंग दल ने पशु चोरी के आरोपियों पर किया हमला
- पंजाब में गौ संगठन का विरोध प्रदर्शन
- लखनऊ में गौ रक्षकों ने दलितों को पीटा
- गौ रक्षकों के निशाने पर डेयरी किसान
- कर्नाटक में गौ रक्षा है अजेंडा
- विहिप के अजेंडे पर गाय
- गतिविधि बढ़ाएंगे गौ रक्षक संगठन
- सोशल मीडिया पर गौ रक्षक संगठन
- महाराष्ट्र में गौरक्षक संगठन को मिलेगा सरकारी पहचान पत्र
- हरियाणा गौ सेवा आयोग देगा गौ रक्षक दलों को पहचान पत्र
- पंजाब में आरएसएस की गतिविधियों के खिलाफ रैडिकल समूह
- दक्षिण कन्नड़ में तनाव की थी रणनीति
- एकजुटता के संदेश से ध्रुवीकरण की तैयारी
- कंधमाल में विहिप की रणनीति
- आरएसएस का फिल्म और साहित्य महोत्सव
- रावण की मूर्ति का विवाद

**सांप्रदायिक कथन 9**

- केरल कांग्रेस (बी) के चेयरमैन का हेट स्पीच

**सांप्रदायिकता के आंकड़े 9-11**

- उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा सांप्रदायिक घटनाएं

# सांप्रदायिक घटनाएं

## सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव

| घटनाएं | सम्मिलित संगठन/ समूह | दिनांक और घटना स्थल |
|---|---|---|
| **बहराइच में सांप्रदायिक तनाव**<br>उत्तरप्रदेश के बहराइच जिले में लड़कियों के उत्पीड़न के आरोपों के बाद सांप्रदायिक तनाव हुआ। खबर में कहा गया है कि परिवार द्वारा आपत्ति जताने पर लड़कों ने पथराव कर दिया। और जल्दी ही दोनों समुदाय को लोग झड़प करने लगे। इस विवाद में पांच मुख्य आरोपियों समेत 100 से अधिक लोगों पर धारा 147, धारा 148, 336, 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है।<br><br>http://www.hindustantimes.com/india-news/communal-tension-in-up-s-bahraich-over-harassment/story-h8a91L9KxGvhDn3XLMACTN.html<br>Date Accessed: 1/8/2016 | स्थानीय समूह | 31/7/2016 बहराइच, उत्तरप्रदेश |
| **बुरहानपुर में पशु हत्या की अफवाह से तनाव**<br>बुरहानपुर जिले के गोपालपुर गांव में गाय मारे जाने की अफवाह फैलने से तनाव हुआ। इस घटना में चार आरोपियों अमीन नवाज, सलीम उस्मान, इतबार पठान और लतीफ पठान पर धारा 506, 294, 323 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है।<br><br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/cow-death-rumour-sparks-communal-tension-4-held-burhanpur-2950564/<br>Date Accessed: 3/8/2016 | स्थानीय समुदाय | 31/7/2016 बुरहानपुर, मध्यप्रदेश |
| **रायसेन में बजरंग दल ने की पिटाई**<br>मध्यप्रदेश के रायसेन  जिले में बजरंग दल के सदस्यों ने 15 साल के मुस्लिम लड़के की पिटाई की। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप था कि लड़का एक दलित लड़की के साथ भागने की कोशिश में था। इस मामले में बजरंग दल के तीन सदस्यों गोपाल राठौड़, अनूप अग्रवाल और संजीव शेजवार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।<br><br>http://www.hindustantimes.com/india-news/mp-tension-in-raisen-town-after-bajrang-dal-men-assault-teen/story-xb0SpHUiwrUvAYnHfXJxcK.html<br>Date Accessed: 7/8/2016 | बजरंग दल | 7/8/2016 रायसेन, मध्यप्रदेश |
| **पुंछ में सामान्य विवाद में सांप्रदायिक तनाव**<br>पुंछ में सामान्य विवाद में सांप्रदायिक तनाव हुआ। एक स्थानीय घड़ी विक्रेता के साथ दूसरे समुदाय के दो व्यक्तियों के साथ हुए विवाद के बाद एक समुदाय के दुकानदारों ने विरोध में अपनी दुकानें बंद कर दीं। इस मामले में दुकानदार की गिरफ्तारी की गयी है।<br><br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/communal-tension-in-poonch-shops-shut-2964159/<br>Date Accessed: 9/8/2016 | स्थानीय समुदाय | 9/8/2016 पुंछ, जम्मू कश्मीर |
| **सारण में आपत्तिजनक वीडियो से सांप्रदायिक तनाव**<br>बिहार के सारण जिले में एक समुदाय के आपत्तिजनक वीडियो को लेकर सांप्रदायिक तनाव हुआ। वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया गया था। इस दौरान हुई हिंसा में एक समुदाय के दुकानों और घरों पर हमला हुआ। दंगाइयों ने कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। बिहार पुलिस इस मामले में भाजपा विधायक सीएन गुप्ता की भूमिका की जांच कर रही है। इसे लेकर स्थानीय टीवी चैनलों पर एक वीडियो दिखाया गया जिसमें सीएन गुप्ता भीड़ का नेतृत्व करते दिख रहे हैं। | भाजपा (संदिग्ध), स्थानीय समुदाय | 5/8/2016 सारण, बिहार |

| | | |
|---|---|---|
| http://timesofindia.indiatimes.com/city/patna/Communal-clashes-in-Bihar-district-over-video-on-deities/articleshow/53580478.cms<br>http://www.business-standard.com/article/news-ians/saran-tension-on-wane-bihar-minister-says-not-aware-of-violence-116080901238_1.html<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/bjp-legislator-being-probed-over-bihar-communal-tension-2967761/<br>Date Accessed: 9/8/2016 | | |
| **करीमगंज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विवाद**<br>असम के करीमगंज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान दो समुदायों में विवाद हुआ। खबर में कहा गया है कि कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने व्यवधान पैदा किया और इसके बाद स्थिति बिगड़ गयी। प्रदर्शन के दौरान दो लोगों पर हमला हुआ और कई वाहनों में आग लगा दिया गया। जिला प्रशासन ने तनाव को देखते हुए धारा 144 लगाया।<br><br>http://www.assamtribune.com/scripts/detailsnew.asp?id=aug1116/state055<br>Date Accessed: 10/8/2016 | स्थानीय समुदाय | 7/8/2016<br>करीमगंज, असम |
| **फरूखाबाद में सांप्रदायिक तनाव**<br>फरुखाबाद जिले में एक लड़की के साथ अभद्र व्यवहार के आरोपों के बाद दो समुदायों में तनाव हुआ। इस मामले में दोनों पक्षों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी। तनाव के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा फायरिंग किए जाने से स्थिति बिगड़ी और दोनों समुदाय के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया।<br><br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/kanpur/Molestation-leads-to-communal-tension-in-Farrukhabad/articleshow/53694907.cms<br>Date Accessed: 14/8/2016 | स्थानीय समुदाय | 13/8/2016<br>फरुखाबाद, उत्तरप्रदेश |
| **पुड्डुचेरी में हिंदू मुन्नानी का इमाम पर हमला**<br>पुड्डूचेरी में हिंदू मुन्नानी के कार्यकर्ताओं पर आरोप है कि उन्होंने मस्जिद के इमाम पर हमला किया। इसके अलावा हिंदू मुन्नानी की एक सभा के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने बोतल फेंका। इस मामले में धारा 148, 294 B, 324, 427, 295 A, 153 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है।<br><br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/puducherry/Two-arrested-for-ransacking-mosque/articleshow/53732492.cms<br>Date Accessed: 17/8/2016 | हिंदू मुन्नानी | 14/8/2016<br>पुड्डुचेरी |
| **बागपत में तनाव**<br>पश्चिमी उत्तरप्रदेश के जिला बागपत में पुलिस ने कथित तौर गाय का मांस बरामद किया। इसके बाद ही इलाके में तनाव हुआ। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में इकठ्ठा मुस्लिम बाहुल्य गांव में प्रदर्शन किया और नारे लगाए। उत्तरप्रदेश पुलिस ने Cow Slaughter Prevention Act के तहत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।<br><br>http://www.dnaindia.com/india/report-tension-in-west-uttar-pradesh-village-after-recovery-of-cow-meat-2246680<br>Date Accessed: 19/8/2016 | बजरंग दल | (तारीख अस्पष्ट)<br>बागपत, उत्तरप्रदेश |
| **जौनपुर में तनाव**<br>जौनपुर के केराकत में कथित तौर पर 15 अगस्त को देश विरोधी नारेबाजी हुई। इन आरोपों को लेकर हिंदू युवा वाहिनी ने केराकत में उग्र प्रदर्शन किया। तनाव को देखते हुए प्रशासन ने पुलिस बल तैनात कर दिया था।<br><br>http://www.patrika.com/news/jaunpur/communal-violence-in-jaunpur-raised-slowly-from-15-august-1381000/<br>Date Accessed: 22/8/2016 | हिंदू युवावाहिनी | 15/8/2016<br>जौनपुर, उत्तरप्रदेश |

| | | |
|---|---|---|
| **सहारनपुर में धर्मांतरण को लेकर तनाव**<br>सहारनपुर के पीकी गांव में दलित परिवार के कथित धर्मांतरण को लेकर तनाव हुआ। इस मामले में भीड़ ने उस जगह को घेर लिया जहां धर्मांतरण का आरोपी ठहरा हुआ था। पुलिस ने इस मामले में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का मामला दर्ज किया है। आरोपी को पुलिस ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।<br><br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/3-held-in-saharanpur-village-counselling-dalit-family-to-convert-2998317/<br>Date Accessed: 27/8/2016 | स्थानीय समुदाय | (तारीख अस्पष्ट) सहारनपुर, उत्तरप्रदेश |
| **बेलागावी में सांप्रदायिक हिंसा**<br>कर्नाटक के बेलागावी जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा हुई। सामान्य विवाद को लेकर पहले हुई झड़पों के बाद एक समूह ने योजना बनाकर हमला किया। इसमें चार लोग घायल हुए और दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रशासन ने एक दिन के लिए धारा 144 लागू किया है।<br><br>http://www.thehindu.com/todays-paper/tension-in-yadravi-village-following-group-clash/article9052814.ece<br>Date Accessed: 31/8/2016 | स्थानीय समुदाय | 29/8/2016 बेलागावी, कर्नाटक |

## सांप्रदायिक रणनीतियां

### सांप्रदायिक संगठन

| रणनीतियां | सम्मिलित संगठन |
|---|---|
| ***गौ रक्षक दलों के हमले की प्रमुख घटनाएं*** | |
| **गौ रक्षक संगठन ने किया पुलिस स्टेशन पर हमला**<br>उत्तरप्रदेश में गौरक्षा संगठन के दो दर्जन लोगों ने सहारनपुर जिले के महिपालपुर गांव में पुलिस स्टेशन पर हमला किया और पशु तस्करी का आरोप लगाकर एक ट्रक में आग लगा दिया। पुलिस ने जानकारी दी है कि तस्करों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाकर पुलिस थाने पर हमला करने के मामले में हिंदुत्ववादी संगठन के पांच कार्यकर्ताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।<br><br>http://www.telegraphindia.com/1160825/jsp/nation/story_104370.jsp#.V8F-1Ft97IU<br>Date Accessed: 24/8/2016 | गौ रक्षक संगठन |
| **पशुओं की तस्करी में भाजपा नेता की हत्या**<br>17 अगस्त को कर्नाटक के उडुपी जिले में हिंदू जागरण वेदिके के कार्यकर्ताओं ने प्रवीण पुजारी की हत्या कर दी। आरोप था कि प्रवीण पुजारी गायों की तस्करी कर रहा था। प्रवीण पुजारी भाजपा से जुडा हुआ था। दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिले में पशु तस्करी के 11 मामलों में से कई में हिंदुत्ववादी संगठन भी शामिल पाए गए हैं। इस घटना में हिंदू जागरण वेदिके के 18 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।<br><br>http://scroll.in/article/814471/why-the-gau-rakshak-attack-on-a-hindu-transporting-cattle-in-udupi-isnt-as-surprising-as-it-sounds<br>http://www.ndtv.com/karnataka-news/bjp-worker-killed-for-transporting-cows-was-thrashed-with-iron-rods-1445950<br>Date Accessed: 20/8/2016 | हिंदू जागरण वेदिके और अन्य हिंदुत्ववादी संगठन |
| **आंध्रप्रदेश में गौ रक्षक दल ने की पिटाई**<br>आंध्रप्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में दो दलितों के कपड़े उतारकर कर पेड़ से बांध कर पीटा गया। गौ रक्षक संगठनों के आठ लोगों ने दलितों को गाय का चमड़ा उतारने के दौरान देखा था और आरोप लगाया कि मृत जानवर उन्होंने चुराया है।<br>http://www.ndtv.com/andhra-pradesh-news/2-dalit-men-thrashed-allegedly-by-gau-rakshaks-in-andhra-pradesh-1442356<br>Date Accessed: 10/8/2016 | गौ रक्षक दल |
| **अलीगढ़ में बजरंग दल ने पशु चोरी के आरोपियों पर किया हमला**<br>बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अलीगढ़ के जिरोली गांव के पास पशु चोरी के चार आरोपियों पर हमला किया। घटना उस दौरान हुई जब बजरंग दल के नेतृत्व में गौ रक्षक कार्यकर्ताओं ने एक गाड़ी का पीछा किया। हाल ही में गृह मंत्रालय ने गाय की रक्षा के नाम पर कानून का उल्लंघन करने की घटनाओं को लेकर एडवाइजरी भी जारी किया है।<br><br>http://www.hindustantimes.com/india-news/up-now-bajrang-dal-activists-thrash-4-cattle-thieves-in-aligarh/story-Q7jX3BrCRvsCIqQEuqLJTI.html<br>Date Accessed: 10/8/2016 | बजरंग दल, गौ रक्षक संगठन |
| **पंजाब में गौ संगठन का विरोध प्रदर्शन**<br>पंजाब के मुक्तसर के मालौत कस्बे में गौ हत्या के आरोप में पकड़े गए दो दलितों के खिलाफ श्री श्राम मित्र मंडल-भारतीय गौ क्रांति दल ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने जांच के बाद बताया कि पशु गाय नहीं थी। इसकी शिकायत भाजपा के एक नेता ने किया था। | श्री श्राम मित्र मंडल-भारतीय गौ क्रांति दल |

| | |
|---|---|
| http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/not-cow-but-buffalo-say-cops-day-after-two-held-for-cow-slaughter-search-for-three-accused-on-2948950/ <br> Date Accessed: 2/8/2016 <br> **लखनऊ में गौ रक्षकों ने दलितों को पीटा** <br> 28 जुलाई को लखनऊ के तकरोही इलाके में दो दलितों पर गौ हत्या का आरोप लगाकर गौ रक्षक कार्यकर्ताओं ने पीटा। इस घटना के विरोध में चमड़ा उतारने का काम करने वाले दलितों ने मृत जानवरों को उठाने से मना कर दिया। लखनऊ म्यूनिसिपल कार्पोरेशन ने पुलिस में इस मामले की शिकायत दर्ज कराया है। <br><br> http://timesofindia.indiatimes.com/city/lucknow/Now-cow-vigilantes-thrash-Dalits-in-Lucknow/articleshow/53494493.cms <br> Date Accessed: 2/8/2016 | गौ रक्षक संगठन |
| **गौ रक्षकों के निशाने पर डेयरी किसान** <br> पंजाब में काफी संख्या में सक्रिए गौरक्षक संगठन डेयरी किसानों को प्रताड़ित कर रहे हैं। 2014 में शिरोमणि अकाली दल-भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने गौ रक्षा बोर्ड का गठन किया और इसके बाद राज्य में गौ रक्षक दलों की संख्या तेजी से बढ़ी। डेयरी किसान इन संगठनों का विरोध कर रहे हैं। <br> http://www.business-standard.com/article/current-affairs/punjab-dairy-farmers-gearing-up-for-mass-protests-against-cow-protection-squads-116081900764_1.html <br> Date Accessed: 19/8/2016 | गौ रक्षक संगठन |
| **कर्नाटक में गौ रक्षा है अजेंडा** <br> Karnataka Communal Harmony Forum ने दक्षिण कर्नाटक और उडुपी जिले में सांप्रदायिक घटनाओं के संदर्भ में बयान दिया है कि 1960 से गाय का मुद्दा प्रमुख अजेंडा है। फोरम का कहना है कि 2005 से अब तक कम से कम 7 घटनाएं ऐसी हैं जो गौ रक्षा से जुड़ी हुई हैं। तटीय इलाकों में इसके अलावा मोरल पोलिसिंग और हेट स्पीच भी रणनीति के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। <br><br> http://timesofindia.indiatimes.com/city/bengaluru/Cow-politics-is-main-Sangh-agenda-in-Hindutva-lab/articleshow/53762014.cms <br> Date Accessed: 19/8/ 2016 | हिंदुत्ववादी संगठन |
| **विहिप के अजेंडे पर गाय** <br> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गौ रक्षक दलों पर की गयी टिप्पणी के बाद विहिप संगठन के पचासवें स्थापना दिवस पर गाय की हत्या पर प्रतिबंध की मांग करेगा। विहिप नवंबर में इसे लेकर विशाल रैली का आयोजन करेगा। इसमें गौ रक्षा अभियान को प्रमुखता दी जाएगी। <br><br> http://timesofindia.indiatimes.com/india/VHP-refuses-to-be-cowed-down-plans-rally-on-November-7/articleshow/53660304.cms <br> Date Accessed: 12/8/2016 | विश्व हिंदू परिषद |
| **गतिविधि बढ़ाएंगे गौ रक्षक संगठन** <br> अखिल भारतीय गौ रक्षा दल और इसके सहयोगी संगठन पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तरप्रदेश में गौ रक्षा से जुड़ी गतिविधियां बढ़ाएंगे। इस संबंध में विहिप, शिव सेना और बजरंग दल ने अखिल भारतीय गौ रक्षा दल के साथ पटियाला में सभा किया। <br><br> http://timesofindia.indiatimes.com/city/chandigarh/Cow-vigilantes-to-intensify-cow-protection-campaign/articleshow/53621291.cms <br> Date Accessed: 9/8/2016 | अखिल भारतीय गौ रक्षा दल, विहिप, शिव सेना और बजरंग दल |
| **सोशल मीडिया पर गौ रक्षक संगठन** <br> गौरक्षा से जुड़े कार्यकर्ताओं सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। शामली घटना में सजा काट चुके विवेक प्रेमी ने कहा है कि 2013 से व्हाटसएप का संगठन इस्तेमाल कर रहा है। इसके जरिए शामली में 500 लोगों एक दूसरे | गौ रक्षक संगठन |

| | |
|---|---|
| से जुड़े हुए हैं जो रात में गुजरने वाले ट्रकों की निगरानी करते हैं।<br><br>http://timesofindia.indiatimes.com/tech/tech-news/How-WhatsApp-changed-the-rules-of-Gau-Raksha/articleshow/53611641.cms<br>Date Accessed: 9/8/2016 | |
| **महाराष्ट्र में गौरक्षक संगठन को मिलेगा सरकारी पहचान पत्र**<br>महाराष्ट्र सरकार के पशुपालन विभाग ने मई में आवेदन जारी किया जिसमें पशु तस्करी की निगरानी को लेकर पशु अधिकारियों की भर्ती की जानी थी। विभाग को इस संबंध में 2,388 से ज्यादा आवेदन मिले हैं। जिनमें से 60 प्रतिशत गौरक्षक संगठनों से जुड़े हुए लोग हैं और विहिप, बजरंग दल, राम सेना, हिंदू सेना, शिव सेना, दुर्गावाहिनी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और आरएसएस से जुड़े हुए हैं। हालांकि इसके लिए हाइकोर्ट द्वारा गठित समिति की अनुमति नहीं मिली है। लेकिन अनुमति मिलने के बाद इन्हें पहचान पत्र जारी किया जाएगा।<br><br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/maharashtra-animal-husbandry-beef-ban-cow-vigilantes-gau-rakshaks-2991461/<br>Date Accessed: 23/8/2016 | पशुपालन विभाग, महाराष्ट्र सरकार |
| **हरियाणा गौ सेवा आयोग देगा गौ रक्षक दलों को पहचान पत्र**<br>हरियाणा गौ सेवा आयोग ने निर्णय किया है कि गौ रक्षक दलों को पहचान पत्र जारी किया जाएगा। आयोग ने कहा है कि जिला पुलिस प्रमुख द्वारा यह पहचान पत्र दिया जाएगा। जबकि पंजाब गौ सेवा आयोग ने हरियाणा के इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।<br><br>http://www.hindustantimes.com/punjab/no-i-cards-for-cow-vigilantes-as-punjab-gau-sewa-panel-rejects-idea-from-haryana/story-XW8fubzJQ7Vh6KdmPlLU1M.html<br>Date Accessed: 16/8/2016 | हरियाणा गौ सेवा आयोग |
| **पंजाब में आरएसएस की गतिविधियों के खिलाफ रैडिकल समूह**<br>पंजाब में आरएसएस नेता की हत्या से 2009 का दौर उभर रहा है। आरएसएस की पंजाब में बढ़ती गतिविधियों से कट्टरपंथी सिख धड़े सक्रिए हो रहे हैं। कट्टरपंथी सिख धड़े मानते हैं कि आरएसएस की गतिविधियां सिख पहचान को कमजोर करेंगी। अकाल तख्त ने भी पंजाब के ग्रामीण इलाकों में बढ़ती गतिविधियों को लेकर चेतावनी जारी किया है।<br><br>http://scroll.in/article/813436/behind-fresh-attacks-on-rss-officials-in-punjab-a-long-history-of-hostility-from-sikh-hardliners<br>Date Accessed: 8/8/2016 | आरएसएस, सिख रैडिकल ग्रुप |
| **दक्षिण कन्नड़ में तनाव की थी रणनीति**<br>दक्षिण कन्नड़ जिले में एक बस में आग लगाने के आरोप में बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की है। यह घटना 12 नवंबर, 2015 को पुत्तुर के नेल्लीकट्टे गांव में हुई थी। उस समय विहिप नेता कुटप्पा की हत्या के विरोध में विहिप का बंद आयोजित हो रहा था और बस में आग लगाकर हिंदुत्ववादी संगठन जिले में तनाव पैदा करना चाहते थे।<br><br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/mangaluru/Two-held-for-setting-KSRTC-bus-ablaze/articleshow/53580747.cms<br>Date Accessed: 7/8/2016 | विहिप, बजरंग दल |
| **एकजुटता के संदेश से ध्रुवीकरण की तैयारी**<br>उत्तरप्रदेश के विधानसभा चुनावों के लिए आरएसएस और उससे जुड़े संगठन नया अभियान शुरु करेंगे। इसके जरिए संगठन लोगों को संदेश देंगे कि सभी जातियां हिंदू हैं और केवल धर्म ही उन्हें सुरक्षा दे सकता है। इस अभियान को खास तौर पर पिछड़े और अनुसूचित जातियों में चलाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में जगहों को चिन्हित किया गया है। | आरएसएस |

| | |
|---|---|
| http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/Sangh-Parivar-UP-poll-agenda-For-VHP-its-Mission-Hinduism-in-2017/articleshow/53862906.cms<br>Date Accessed: 25/8/2016 | |
| **कंधमाल में विहिप की रणनीति**<br>विहिप ने कंधमाल जिले में ईसाई मिशनरियों पर दलितों के धर्मांतरण का आरोप लगाया। विहिप की उड़ीसा यूनिट हाइकोर्ट के आदेश को आधार बनाकर मांग कर रही है कि सरकारी जमीन का अतिक्रमण करके बने 52 चर्च गिरा दिए जाएं।<br><br>http://www.dailypioneer.com/state-editions/vhp-demolish-52-kmal-churches-on-govt-land.html<br>Date Accessed: 5/8/2016 | विश्व हिंदू परिषद |
| **आरएसएस का फिल्म और साहित्य महोत्सव**<br>कानपुर में हुए बैठक में आरएसएस ने फैसला किया है आरएएस सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करेगा। इंदौर में कुछ समय पहले एक फिल्म समारोह का आयोजन किया गया था और मुंबई में एक शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा आरएसएस साहित्यिक महोत्सव का आयोजन भी करेगा।<br><br>http://navbharattimes.indiatimes.com/india/rss-will-organise-film-and-literature-festivals/articleshow/53507578.cms<br>Date Accessed: 2/8/2016 | आरएसएस |
| **रावण की मूर्ति का विवाद**<br>गौतम बुद्ध नगर के बिसरख गांव में रावण की मूर्ति लगाने को लेकर विवाद हुआ। स्थापना के पहले ही कुछ लोगों ने परिसर में हमला कर मूर्तियों को तोड़ दिया। इस मामले में 30 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना में गोरक्षा हिंदू दल, जूना अखाड़ा, अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेना, दिल्ली कालका मंदिर से जुड़े लोगों को आरोपी बनाया गया है। मान्यता के अनुसार बिसरख रावण की जन्मस्थली है।<br><br>http://www.catchnews.com/lucknow-news/hindu-leaders-at-loggerheads-over-installation-of-ravana-statue-in-up-s-bisrakh-village-1470835203.html<br>http://www.jansatta.com/rajya/shriram-family-statute-establish-in-ravan-birthplace-village-bisrakh-dham/130246/<br>Date Accessed: 11/8/2016 | गोरक्षा हिंदू दल, जूना अखाड़ा, अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेना, दिल्ली कालका मंदिर |
| **सांप्रदायिक कथन** | |
| **केरल कांग्रेस (बी) के चेयरमैन का हेट स्पीच**<br>केरल कांग्रेस (बी) के चेयरमैन आर बालकृष्ण पिल्लै के आपत्तिजनक भाषण के बाद उन पर हेट स्पीच के तहत मामला दर्ज किया गया। पिल्लै ने लाउडस्पीकर पर नमाज पढ़ने को 'कुत्तों का दिन में पांच बार भूंकना' कहा था।<br><br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/kerala-ex-minister-booked-for-hate-speech-on-muslim-call-to-prayer-2956675/<br>Date Accessed: 6/8/2016 | केरल कांग्रेस (बी) |

## न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया

### कंधमाल दंगे में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

भारत के मुख्य न्यायाधीश टी.एस. ठाकुर और यू.यू. ललिल की बेंच ने कहा है कि बहुसंख्यक समुदायों को कुछ भी ऐसा नहीं करना चाहिए जिससे अल्पसंख्यक समुदाय अपनेपन की भावना से वंचित हों। राज्य की कार्रवाई ऐसी न हो जिससे अल्पसंख्यकों में भय पैदा हो। अदालत ने यह टिप्पणी 2008 के कंधमाल दंगे में 315 मामलों की फिर से जांच करने के निर्देश देते हुए की।

http://www.thehindu.com/news/national/communal-violence-deprive-minorities-of-their-sense-of-belonging-sc/article8941209.ece

Date Accessed: 4/8/2016

## कंधमाल दंगा पीड़ितों को अतिरिक्त मुआवजे का आदेश

कंधमाल दंगों से जुड़ी सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस टीएस ठाकुर और उदय ललित की बेंच ने कहा है कि 827 दर्ज मामलों में से 315 में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अदालत ने दंगा पीड़ितों को 3 लाख रुपए अतिरिक्त देने का भी निर्देश दिया है। इसी तरह गंभीर घायलों को 30,000 और सामान्य घायलों को 10,000 रुपये देने के लिए कहा है।

http://www.newindianexpress.com/states/odisha/Revisit-cases-SC-tells-Odisha/2016/08/05/article3563590.ece
Date Accessed: 5/8/2016

## फगवाड़ा में हुई हिंसा के लिए शिवसेना जिम्मेदार

22 जुलाई को फगवाड़ा में हुई हिंसा की जांच में शिवसेना को जिम्मेदार बताया गया है। एडीशनल डिप्टी कमिश्नर की रिपोर्ट में कहा गया है कि शिवसेना के सदस्यों ने मस्जिद के सामने प्रदर्शन आयोजित किया और आपत्तिजनक नारे लगाए। रिपोर्ट में मुस्लिम समुदाय और अकाल स्टूडेंट फेडरेशन की भूमिका को आपत्तिजनक नहीं बताया गया है।

http://www.hindustantimes.com/punjab/shiv-sena-instigated-phagwara-communal-violence-probe/story-HkcFjN6hxrwKwqSnUIsGkM.html
Date Accessed: 17/8/2016

## कमलेश तिवारी की याचिका का एक महीने में निपटारा

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाइकोर्ट को हिंदू महासभा के नेता कमलेश तिवारी की याचिका का एक महीने में निपटारा करने के लिए कहा है। कमलेश तिवारी ने एनएसए के तहत नौ महीने तक जेल में रखे जाने को चुनौती दिया है। कमलेश तिवारी ने पैगंबर हजरत मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी किया था।

http://www.business-standard.com/article/news-ani/sc-tells-allahabad-hc-to-dispose-off-kamlesh-tiwari-s-plea-116082600455_1.html
Date Accessed: 26/8/2016

## गौरक्षा दल के प्रमुख सतीश कुमार की गिरफ्तारी

गौरक्षा दल के प्रमुख सतीश कुमार को वृन्दावन से गिरफ्तार किया गया। सतीश कुमार पर धारा 377 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरक्षा दल के प्रमुख सहित कई लोगों पर आरोप है सहारनपुर के एक लड़के के साथ दुष्कर्म किया गया। दो साल पुराने एक वीडियो के सामने आने के बाद 6 अगस्त को पुलिस ने केस दर्ज किया था।

http://www.newindianexpress.com/nation/Gau-Raksha-Dal-chief-Satish-Kumar-arrested-in-Punjab/2016/08/21/article3590320.ece
Date Accessed: 21/8/2016

## सुप्रीम कोर्ट में गौ रक्षक दलों को लेकर याचिका दाखिल

सुप्रीम कोर्ट में गौ रक्षक दलों को लेकर एक याचिका दाखिल की गयी है जिसमें कहा गया है कि ऐसे दल दलितों और मुस्लिमों को निशाना बना रहे हैं। याचिका कांग्रेस कार्यकर्ता तहसीन एस पूनावाला ने दाखिल किया है। याचिका में सोशल मीडिया पर हिंसक वीडियो अपलोड करने का भी जिक्र किया गया है।

http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/pil-in-sc-for-action-against-cow-vigilantes-for-violent-acts-against-dalits-minorities-2974358/
Date Accessed: 14/8/2016

## दलितों की पिटाई को सही बताने वाले भाजपा विधायक के खिलाफ पुलिस केस

उना में दलितों की पिटाई को सही बताने वाले तेलंगाना के भाजपा विधायक राजा सिंह के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। माला संक्षेमा संगम ने

पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करायी थी और 2 अगस्त को मंगलहाट पुलिस ने धारा 153 A के तहत केस दर्ज किया। भाजपा विधायक ने फेसबुक पोस्ट पर एक वीडियो जारी किया था जिसमें आपत्तिजनक संदेश था।

http://www.firstpost.com/india/case-registered-against-bjp-mla-raja-singh-for-alleged-hate-speech-over-una-incident-2935504.html
Date Accessed: 4/8/2016

### कर्नाटक में पशु चोरी के हमले में हिंदुत्ववादी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी

कर्नाटक के भटकल में पशु चोरी के आरोप में हमले के बाद पकड़े गए तीन हमलावरों का संबंध हिंदुत्ववादी संगठन से है। हालांकि गिरफ्तारी के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने बयान दिया है कि एक मुस्लिम परिवार के यहां से पशु चोरी किया गया था। और हिंदुत्ववादी संगठनों ने सूचना मिलने पर आरोपी पर हमला कर दिया और आरोपी को जानवर के साथ बांधकर सड़क पर घुमाया।

http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/3-of-hindutva-group-held-for-bhatkal-attack/article8949456.ece
Date Accessed: 6/8/2016

## सांप्रदायिकता के आंकड़े

### उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा सांप्रदायिक घटनाएं

गृहमंत्रालय ने सांप्रदायिक घटनाओं को लेकर आंकड़ा जारी किया है। उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं। ये आंकड़े 2013 से मई 2016 के बीच के हैं। तीसरे स्थान पर कर्नाटक में 291 केस दर्ज किए गए हैं।

http://timesofindia.indiatimes.com/city/bengaluru/Karnataka-is-third-most-communally-sensitive-state-with-291-cases-in-three-and-a-half-years/articleshow/53925081.cms
Date Accessed: 30/8/2016

**Connect with RGICS at:** info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है।सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेपहै और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है। मूल लेखों और खबरों के विस्तार के लिए साथ में लिंक भी दिए गए हैं।